दिनांकः 21.11.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दक्षिण अफ्रीका जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- प्रदेश में एसआईआर मुहिम ज़ोर–शोर से जारी–अब तक 2 करोड़ 37 लाख गणना फॉर्म ईसीआई नेट पर अपलोड।
- राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन आज जयपुर में–पुलिसिंग चुनौतियों और सुधारों पर मंथन होगा।
- कोटा की अरूंधती चौधरी ने वर्ल्ड बॉक्सिंग का फाइनल मुकाबला जीता।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दक्षिण अफ्रीका जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी जोहान्सबर्ग में हो रहे तीन दिन इस सम्मेलन में जी–20 एजेंडे पर भारत का नज़रिया पेश करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। उनका दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित भारत–ब्राजील–दक्षिण अफ्रीका नेताओं की बैठक में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने प्रस्थान व्यक्तव्य में कहा कि वे सम्मेलन में वसुधैव कुटुम्बकम, एकजुटता और समानता के भारत के दृष्टिकोण पर बल देंगे। श्री मोदी की ये दक्षिण अफ्रीका की चौथी आधिकारिक यात्रा है।

..............................

प्रदेश में एसआईआर की अहम मुहिम जोर–शोर से जारी है। वोटर लिस्ट को अपडेट करने, पात्र मतदाताओं को जोड़ने, मतदाता सूची की त्रुटियों को सुधारने की इस बुनियादी प्रक्रिया के लिए बीएलओ घर–घर पहुंच रहे हैं। प्रदेश में 16 दिनों में 2 करोड़ 37 लाख गणना प्रपत्र ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके हैं। 4 नवम्बर से शुरू हुए इस अभियान में अपने काम को पूरी उत्कृष्टा के साथ करने के लिए प्रदेशभर के 78 बीएलओ को कल सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने एसआईआर प्रक्रिया में लगे सभी कर्मियों की सराहना की। उन्होंने मतदाताओं से बीएलओ को सहयोग करने की भी अपील की।

इस बीच, भरतपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि जिले में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 1 हजार से अधिक बीएलओ काम कर रहे हैं। अब तक 5 लाख 61 हजार मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है।

..............................

जयपुर में आज राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान पुलिस अकादमी में होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा करेंगे। उत्कृष्टता के साथ पुलिसिंग–आगे की राह थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में पुलिस के सामने की चुनौतियों और व्यवस्था पर मंथन किया जाएगा। हाइब्रिड मोड पर आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में आला पुलिस अधिकारी तकनीकी नवाचारों, सामाजिक सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करेंगे। इस दौरान नये आपराधिक कानूनों के प्रावधानों, महिला सुरक्षा और जालसाज़ी से जुड़े अपराधों पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

..............................

आज विश्व मत्स्य पालन दिवस है। 21 नवम्बर को मनाये जाने वाला वर्ल्ड फिशरीज़ डे इकोलॉजिकल संतुलन में मदद करने के लिए सस्टेनेबल मछली पालन पर जोर देता है। भारत दुनियाभर में मछली और एक्वा कल्चर का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। ये क्षेत्र 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजी रोटी देता है। इधर, प्रदेश में अलवर में 23 से 26 नवम्बर तक मत्स्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

..............................

राजस्थान की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम फहरा रही हैं। कोटा की मुक्केबाज़ अरुंधती चौधरी ने वर्ल्ड बॉक्सिंग का फाइनल मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया है। ग्रेटर नोएडा में खेले गये फाइनल मुकाबले में अरुंधती ने उज्बेकिस्तान की ज़ोकी रोवा को हराकर ये खिताब हासिल किया। कोटा से हमार संवाददाता ने बातया कि चोट के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये उनका आठवां स्वर्ण पदक है।

.............................

मिस यूनिवर्स ब्यूटी पेजेंट ग्रेंड फिनाले में राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये मुकाबला आज थाइलैंड में होगा। श्रीगंगानगर में जन्मी मनिका ने शीर्ष 30 प्रतिभागियों में अपनी जगह बनाई है।

उधर, हनुमानगढ़ जिले की दिव्यांग महिला किसान गायत्री देवी राठौड़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। तलवाड़ा झील गांव की गायत्री ने मशरूम की खेती कर ये उपलब्धि हासिल की है। हमारी संवाददाता ने बताया कि वे परम्परागत फसलों से अधिक मुनाफा कमाकर कई महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

.............................

67वें आकाशवाणी संगीत सम्मेलन के अंतर्गत आज जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। प्रसार भारती और संस्कृति मंत्रालय की ओर से हो रहे इस कार्यक्रम में पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट गिटार वादन और पंडित सीताराम सिंह सुगम संगीत की प्रस्तुति देंगे।

.............................

प्रदेश में इस बार सभी सरकारी और निजी स्कूलों में सर्दी की छुट्टियां 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक होंगी। ठंड की जल्द दस्तक को देखते हुए शिक्षा विभाग ने शीतकालीन अवकाश की तारीखें तय कर दी हैं। शिक्षा विभाग पहले ही पूरे सत्र का शिविरा पंचांग जारी कर चुका है। इस बीच, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर की ओर से राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन की तारीखों में बदलाव किया गया है। यह सम्मेलन 21 और 22 दिसम्बर के स्थान पर अब 19 और 20 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा।

.............................

राज्य में शेखावाटी सहित कई इलाकों में ठंड तेजी से बढ़ रही है। सीकर, नागौर, चूरू और दौसा सहित कई स्थानों पर शीतलहर का असर बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में राज्य में अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

वहीं 15 शहरों में रात का पारा 9 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। कई जगह सुबह देर तक कोहरे का असर भी देखा जा रहा है। बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि ठंडी हवाओं का प्रभाव ठिठुरन बढ़ा रहा है।

.............................

कोटा में एसीबी ने सुकेत थाने के एएसआई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने परिवादी को जमीन विवाद के मामले में मुल्जिम नहीं बनाने और प्रकरण पर एफआर लगाने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की थी। एसीबी ने परिवादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

.............................